**मुंगेर और जमालपुर दूरभाष केन्द्रों का कार्यकरण**

**2342. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुंगेर और जमालपुर की जोड़ने वाले टेलीफोन केबिल 1980 में विद्युत स्पर्शाघातु के कारण क्षतिग्रस्त हो गए थे, तथा इन्हें अभी तक बदला नहीं गया है या यू० एच० एफ० द्वारा जोड़ा नहीं जा सका है ; यदि हां, तो इन दोनों दूरभाष केन्द्रों को जोड़ने की व्यवस्था कब तक कर दिए जाने की संभावना है ;

(ख) जमालपुर से एस० टी० डी० की सुविधा उपलब्ध न कराये जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि मुंगेर और जमालपुर में बिजली के न रहने पर बैटरी प्रणाली की दयनीय स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है ;

(घ) क्या यह सच है कि मुंगेर और जमालपुर सहित ज्यादातर दूरभाष केन्द्रों के एयर कण्डीशनर पिछले कोई वर्षों से खराब पड़े हैं; और

(ङ) यदि हां, तो क्या उक्त कठिनाइयों को दूर करने के लिए कोई प्रबंध किये जाने की संभावना है ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) :** (क) जी हां, मुंगेर तथा जमालपुर के बीच टेलीफोन केबिलें विद्युत स्पर्श के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी परन्तु अच्छे किस्म के कुछ पेयर अभी भी उपयोग के लिए उपलब्ध हैं । इस समय आर्थिक कठिनाइयों के कारण केबिल बदलने अथवा यू० एच० एफ० प्रणाली की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) मुंगेर में एस० टी० डी० सेवा इस समय पूर्व-इन आधार पर कार्य कर रही हैं तथा स्थायित्व हो जाने के पश्चात् इसे चालू कर दिया जाएगा । जमालपुर के लिए एस० टी० डी० सुविधा प्रदान नहीं की जा सकती क्योंकि मुंगेर और जमालपुर के बीच स्थाई तथा विश्वसनीय माध्यम उपलब्ध नहीं है । वैसे ओवरहैड एलाइनमेंट पर जमालपुर के लिए टी० ए० एक्स० प्रदान की जाएगी ।

(ग) बेटरी प्रणाली के कार्य में सुधार हुआ है क्योंकि मुंगेर और जमालपुर में स्टैंड-बाई जनरेटर उपलब्ध कराए गए हैं ताकि अधिक समय तक बिजली फेल रहने के कारण विद्युत सप्लाई की जा सके ।

(घ) मुंगेर जमालपुर, तथा अधिकांश एम० ए० एक्स०–II एक्सचेंजों में खिड़की किस्म के एयर -कंडीशनर प्रदान किए गए हैं । अधिकांश एयर-कंडीशनर काम कर रहे हैं । अविश्वसनीय तथा बिजली का काम वोल्टेज होने के कारण खिड़की किस्म के एयर-कंडी-शनरों में खराबी आ जाती है । बिहार में इनकी मरम्मत के लिए विशेषज्ञों की कमी है जिसके कारण इनका शीघ्र मरम्मत करवाना कठिन होता है ।

(ङ) सप्लाईकर्त्ताओं की सहायता से एयर-कंडीशनरों की समुचित मरम्मत की व्यवस्था की जाती है । अतः सप्लाईकर्त्ताओं की तत्परता और सेवा की किस्म पर ही सुधार निर्भर करता है । वैसे, दोषमुक्त, एयर कंडीशनरों को ठीक करवाने के लिए शीघ्र कार्यवाही की जाती है ।

**मुंगेर-लखीसराय-शेखपुरा माइक्रोवेव प्रणाली**

**2343. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुंगेर-भागलपुर-कटिहार के बजाय जहां माइ-क्रोवेव की स्थापना की जा चुकी है, मुंगेर-लखीसराय, शेखपुरा में माइक्रोवेव प्रणाली का लगाया जाना अधिक उपयोगी होता क्योंकि कटिहार और शेखपुरा पटना से जुड़े हुए हैं और इसलिए मुंगर में खराबी की गुंजाइश न रहती और संचार प्रणाली में व्यवधान उत्पन्न न होता ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पटना, धनबाद आदि स्थानों पर स्थित दूरभाष केन्द्रों में पुराने उपकरण लगाए गए

हैं; जो सुचारु रूप से काम नहीं कर रहे हैं; और

(ग) इन दूरभाष केन्द्रों में अत्याधुनिक उपकरण न लगाए जाने के क्या कारण हैं ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव)** : (क) जी नहीं, मुंगेर को लखीसराय के रास्ते शेखपुरा के साथ जोड़ने से समस्या का हल नहीं होगा क्योंकि शेखपुरा एक ग्रन-ग्रटैंडिड माइक्रोवेव रिपीटर स्टेशन है जब कि मुंगेर-भागलपुर-कटिहार माइक्रोवेव योजना बिहार की राजधानी पटना को जिला मुख्यालय मुंगेर और भागलपुर के साथ जोड़ती है ।

(ख) जी नहीं, पटना और धनबाद में पुराने उपस्कर नहीं लगाए गए हैं । पटना में 6000 लाइनों का उपस्कर पुराना हो गया है जिसके स्थान पर 10,000 लाइनों का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज लगाया जाने वाला है । धनबाद के संबंध में स्थिति यह है कि यह संतोषजनक ढंग से कार्य कर रहा है । 300 लाइनों का पुराना उपस्कर पिछले वर्ष बदला गया था तथा इसमें 300 नई लाइनें भी जोड़ दी गई हैं ।

(ग) पटना, रांची, डुमका, हाजीपुर, मधुबनी, नवादा और पुर्णिया में आधुनिक सफिस्टिकेटिड इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज स्थापित करने की योजना है। गया में मैनुग्रल एक्सचेंज के स्थान पर 3000 लाइनों का आयातित कनटेनराइज्ड इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज स्थापित कर दिया गया है ।

**Shifting of telephone in Shaktinagar telephone exchange, Delhi**

2344. SHRI SURESH PACHOURI; Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state;

(a) whether it is a fact that telephones are not being allowed to be shifted from other areas to the Shaktinagar telephone exchange in Delhi, even though such telephones have worked for more than three years at the old premises and were sanctioned under the special category of 'Doctors';

(b) if so, what is the list of persona wait ing for shifting of their telephones from) various exchanges to Shaktinagar tele phone Exchange and since when; and

(c) by when the shifting of telephones is proposed to be opened in Shaktinagar Telephone Exchange, Delhi?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): (a) to (c) Commencing from 1. 1. 86 about 1480 subscribers were waiting for shifting of their telephones from various exchanges to Shaktinagar telephone exchange as on 31. 10. 86. With the commissioning of a new 10, 000 line Electronic Digital exchange on 22. 11. 86, Shaktinagar Exchange is now open for shifting.

**दिल्ली में सुरक्षा ड्यूटी के लिए तैनात किये गये पुलिस, अर्ध-सेना तथा सेना के कर्मचारियों की संख्या**

**2345. श्री शरद यादव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में 1 जनवरी, 1985 से 1 जुलाई, 1986 तक की ग्रवधि के दौरान सुरक्षा संबंधी प्रयोजनों के लिए पुलिस, अर्ध-सेना तथा सेना के कुल कितने कर्मचारियों तथा ग्रन्य ग्रधिकारियों को तैनात किया गया और उन पर कुल कितनी राशि व्यय की गई ?

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्)** : सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**Irrigation and power project held np forclearance from Ministry of Environmentand Forests**

2346. SHRI CHIMANBHAI MEHTA:

SHRI RAMSINGHBHAI PATALIYABHAI RATHVAKOLI:

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state;

(a) what is the number of major irrigation and power generation (hydel) pro-